आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत





श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

• वर्ष- 15 अंक-207 • कटनी • सोमवार, 30 अगस्त, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष -8 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

कन्हैया जी का पाट पेज 7 पर



विश्व रिकॉर्ड पर निशाना

| खिलाड़ी | देश | साल | स्कोर |
|---|---|---|---|
| इरियाना शेतिनक | यूक्रेन | 2018 | 249.6 |
| अवनि लेखरा | भारत | 2021 | 249.6 |

## अवनि ने लिखा सुनहरा लेख योगेश-देवेंद्र ने चांदी से सजाया

### गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला

**टोक्यो।** भारत की अवनि लेखरा ने शूटिंग में गोल्ड मेडल जीत लिया है। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर स्पर्धा एसएच-1 में यह स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक है। जबकि पुरुषों की डिस्कस थ्रो में योगेश कथुनिया ने रजत पदक अपने नाम किया। भाला फेंक स्पर्धा में देवेंद्र झाझरिया सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहे। जबकि, सुंदर सिंह गुर्जर ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

### कथुनिया ने जीता रजत

टोक्यो पैरालंपिक में पुरुषों की एफ-56 डिस्कस थ्रो स्पर्धा में भारत के योगेश कथुनिया गोल्ड मेडल जीतने से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### देवेंद्र ने जीता रजत, सुंदर ने कांस्य पदक

टोक्यो पैरालंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में भारत के देवेंद्र झाझरिया ने इतिहास रच दिया। उन्होंने पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता। उनके अलावा सुंदर सिंह गर्जुर ने भी कमाल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने एफ-46 कैटेगरी में पदक जीते। देवेंद्र ने इस दौरान 64.35 मीटर का थ्रो किया। जबकि संदर ने 64.0 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहे।

### स्वरूप उनहालकर ने जगाई पदक की आस

भारत के स्वरूप उनहालकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में के फाइनल में पहुंच गए हैं। वह सातवें सातवें स्थान पर हैं। अब स्वरूप से भी पदक की उम्मीद होगी।






## मंदिर खोलने की मांग पर भाजपा का आंदोलन

**मुंबई।** केरल के बाद कोरोना महामारी को लेकर जहां सबसे ज्यादा चिंता है, वह राज्य है महाराष्ट्र। यहां डेल्टा वैरिएंट के केस भी लगातार मिल रहे हैं। इस बीच, भाजपा की मांग है कि प्रदेश के मंदिरों को खोल दिया जाना चाहिए। दरअसल, प्रदेश की उद्धव ठाकरे सरकार ने पल खोलने के आदेश दिए हैं। भाजपा इसी बात को लंबे समय से मुद्दा बना रही है और कृष्ण जन्माष्टमी के मौके इसको आंदोलन का रूप देने की कोशिश की। मुंबई में जहां राम कदम की अगुवाई में भाजपा नेता और कार्यकर्ता सिद्धीविनायक मंदिर के सामने जुटे। कोरोना महामारी के कारण भीड़ जमा करने की मनाही है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता अड़े हैं। यहां भारी संख्या में पुलिसबल भी एकत्र है और रामकदम को हिसालत में लिया जा सकता है। इसी तरह औरंगाबाद के गजानन मंदिर के बाहर भी भाजपा कार्यकर्ता जमा हो गए। इन्होंने मंदिर के गेट फांद कर अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। यहां भाजपा नेताओं का कहा कि सरकार हमसे डरती है, इसीलिए पुलिस को आगे करवाती है।

## ड्रोन हमले में मारे गए बच्चे!

### अफगानिस्तान में हाहाकार, आज फिर हमला



**काबुल।** अमेरिकी ड्रोन हमले में कई बच्चों के मारे जाने की खबर मिल रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को हुए हमले में कई अफगानी नागरिक मारे गए हैं। अमेरिका ने दावा किया था कि उसने आईएस के आत्मघाती कार बॉम्बर पर हमला किया था जो काबुल एयरपोर्ट पर हमले की तैयारी में था। सीएनएन ने स्थानीय पत्रकार और मारे गए लोगों के रिश्तेदार से बातचीत के आधार पर अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिकी हमले में एक ही परिवार के नौ लोग मारे गए जिसमें छह बच्चे थे। इनमें से मारे गए सबसे कम्र उम्र के की बच्ची 2 साल की थी। हमले में मारे गए एक शख्स के भाई ने ये जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए परिवार के पड़ोसी अहद ने बताया कि हमले के बाद सभी पड़ोसियों ने आग को पानी से बुझाने की कोशिश की थी। मैंने देखा कि वहां पांच-छह लोग मारे गए थे। इनमें पिता, एक जवान लड़का और कुछ बच्चे थे। सभी की मौत हो चुकी थी। उनका शरीर टुकड़ों में था। इसके अलावा दो लोग घायल भी थे। वहीं, एसोसिएटेड प्रेस ने एक अनाम अफगानी अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि हमले में तीन बच्चों की मौत हुई। सीएनएन की रिपोर्ट के बाद अमेरिका ने कहा है कि वह जांच कर रहा है कि हमले में नागरिकों की मौत हुई या नहीं। और अगर ऐसा हुआ तो ये बेहद दुखद होगा।

### सुबह सुबह हमला

काबुल में सोमवार सुबह एक बार फिर हमला किया गया है। एयरपोर्ट के पास पांच रॉकेट दागे गए हैं। सुबह करीब 6.40 बजे रॉकेट्स से हमला किया गया है। रॉकेट्स के कारण अलग-अलग जगहों पर धुएं का गुबार उठने लगे, कई जगह आग भी लग गई थी और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। एक अंग्रेजी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, राजधानी काबुल में फिर से हमला किया गया है।यह हमला किसने किया है, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।



## 7 मकान जमींदोज, सात लोग मलबे में दबे, दो बच्चों के शव बरामद

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में रविवार देर रात भारी बारिश से तबाही मच गई। धारचूला के जुम्मा गांव में जामुनी तोक में लगभग पांच और सिरौउड़यार तोक में दो आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, करीब सात लोग लापता बताए जा रहे हैं। अब तक दो बच्चों के शव बरामद किए गए हैं। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि देर रात जुम्मा गांव में अतिवृष्टि के कारण सात लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना मिली थी। सूचना के तत्काल बाद घटना क्षेत्र में राजस्व, एसएसबी, पुलिस, एसडीआरएफ और रेस्क्यू टीम रवाना हो गई है। वहीं, एनडीआरएफ भी क्षेत्र में भेजी गई है। इस दौरान टीम ने गांव से दो शव बरामद किए हैं। डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मौके पर राहत एवं बचाव कार्य कराने के साथ ही क्षेत्र में राहत सामग्री भेजने के निर्देश भी दिए हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ डॉ. आशीष चौहान से फोन पर बात कर जुम्मा गांव में भारी बारिश से हुए नुकसान की जानकारी ली। सीएम ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रभावितों को तत्काल हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। राहव व बचाव कार्य पूरी क्षमता के साथ चलाए जाएं। घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

### क्विक अपडेट

## सेना ने मार गिराया एक आतंकवादी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। मारे गए आतंकी का शव भी बरामद कर लिया गया है। इस घटना की पुष्टि सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने की है। उन्होंने बताया कि सोमवार तड़के नियंत्रण रेखा के पार से आतंकवादी ने पुंछ सेक्टर में घुसपैठ करने का प्रयास किया। अलर्ट सैनिकों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आतंकवादी के साथ भीषण गोलाबारी हुई। जिसमें आतंकवादी को मार गिराया गया। जिसके पास से एके -47 राइफल बरामद की गई है। इलाके में अभी ऑपरेशन जारी है। बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद जम्मू-कश्मीर में भी खतरा बढ़ा है। पता चला है कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 38 दहशतगर्दों ने तालिबानी आतंकियों से प्रशिक्षण लिया है।

## चिंता: लगातार पांचवें दिन 40 हजार से ज्यादा संक्रमित मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कई दिनों से कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। लगातार पांचवें दिन 40 हजार से ज्यादा कोरोना मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस में भी बढ़ोतरी हो रही है। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। केरल में दैनिक मामलों में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। यहां एक दिन में 30 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहीं, इस राज्य में चार बच्चों की मौत हो गई है, कोरोना संक्रमण के बढ़ने से तीसरी लहर की आशंका बढ़ती जा रही है। कोरोना की पॉजिटिव दर बढ़ने पर विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर देश में कोरोना के मामलों में इसी तरह इजाफा जारी रहा तो तीसरी लहर को आने से नहीं रोका जा सकता है।

### आंकड़े

30 अगस्त 2021- 42 हजार 909 नए मामले
29 अगस्त 2021- 45 हजार 083 नए मामले
28 अगस्त 2021- 46 हजार 759 नए मामले
27 अगस्त 2021- 44 हजार 658 नए मामले
26 अगस्त 2021- 46 हजार 164 नए मामले



## दो मासूमों को कुएं में फेंक मां ने लगाई फांसी



**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम पारवा में महिला ने दो मासूम बच्चियों को कुएं में फेंककर कुएं के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दस माह की मासूम की मौत हो गई जबकि एक अन्य बालिका को सकुशल बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पारवा निवासी कन्हैया यादव पिछले पांच दिनों से गांव से दूर अपने पालतू पशुओं को चराने के लिए गया था। 25 वर्षीय पत्नि रानी यादव अपनी दो बेटियों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में थी। रविवार की दोपहर में महिला रानी यादव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक अहिरवार के खेत में अपनी 10 माह की बेटी द्रोपदी और चार वर्षीय सोना को लेकर पहुंची और दोनों मासूमों को कुएं में फेंककर कुएं की पाट से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 10 माह की मासूम द्रोपदी की पानी में डूबने और रानी यादव की फांसी लगाने से मौत हो गई। लोगों ने जब कुएं से आवाज सुनी तो मौके पर पहुंचकर चार वर्षीय सोना को सकुशल बचा लिया। बताया जाता है कि पति की गैरमौजूदगी में घर में सास और बहू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और रानी ने तैश में आकर यह आत्मघाती कदम उठाया है।थाना प्रभारी प्रदीप सर्राफ ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### एमपी में बिजली संकट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट गहरा गया है। नर्मदा पट्टी से जुड़े क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश नहीं होने और कोयले की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से समस्या गंभीर हो गई है। अन्य राज्यों से भी बिजली की मांग होने के कारण राष्ट्रीय स्तर से भी बिजली की उपलब्धता कम है। 10,500 के बदले 9,500 से 9,600 मेगावाट की ही आपूर्ति हो रही है।

## सूर्य से निकल रहीं ज्वालाएं खतरनाक

**नैनीताल।** 25वें सौर चक्र में सूर्य तेजी से सक्रिय होने लगा है। सी-3 के बाद शनिवार को सी श्रेणी की कई ज्वालाएं सूर्य की सतह से निकल चुकी हैं। जिनमें एम-4 श्रेणी की ज्वाला भी शामिल है। सूर्य के दक्षिण गोलार्द्ध के लगभग मध्य में बने सन स्पाट से विज्ञानी अब एक्स क्लास की बड़ी फ्लेयर निकलने की संभावना जता रहे हैं। माना जा रहा है कि सूर्य से निकलने वाली ये ज्वाला पृथ्वी के लिए भी खतरा पैदा कर सकती हैं। आर्यभट्ट प्रेक्षण शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ सौर विज्ञानी डा. वहाबउद्दीन ने बताया कि सूर्य के दक्षिण में एक बड़ा सन स्पाट बना हुआ है, जो लगातार सक्रिय है। इसकी दिशा पृथ्वी की ओर है। इस सन स्पाट के चुंबकीय क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। इस वजह से इसमें बड़ी ज्वाला बन सकती है, जो एक्स श्रेणी की हो सकती है। इनसे निकले सौर तूफानों का असर आने वाले दिनों में पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। जिनसे रंग बिरंगी रोशनी नजर आएंगी लेकिन संभावित एक्स क्लास की फ्लेयर खतरनाक हो सकती है।ये सेटेलाइट के संचालन में बाधा पहुंचा सकते हैं। हवाई उड़ानों के सिग्नल को प्रभावित कर सकते हैं।

## पहली बार 16800 के पार खुला निफ्टी, सेंसेक्स में 321 अंकों की उछाल

**नई दिल्ली।** आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 321.99 अंक (0.57 फीसदी) की तेजी के साथ 56,446.71 के स्तर पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 103.30 अंकों (0.62 फीसदी) की बढ़त के साथ 16,808.50 के स्तर पर खुला। यह इसका रिकॉर्ड स्तर है। शुरुआती कारोबार में 1535 शेयरों में तेजी आई, 339 शेयरों में गिरावट आई और 107 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले सत्र में सेंसेक्स-निफ्टी उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे। इस दौरान बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,43,73,800.36 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।




## वृंदावन के राधारमण मंदिर में पंचामृत से हुआ ठाकुरजी का अभिषेक, रात में जन्मोत्सव

**वृंदावन।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा समेत देशभर में जन्माष्टमी की धूम है। आज आधी रात को कृष्ण कन्हाई घर में जन्म लेंगे, लेकिन ब्रज में कान्हा के जन्मोत्सव के कार्यक्रम सोमवार सुबह से ही शुरू हो गए हैं। वृंदावन के राधारमण मंदिर में सुबह वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सेवायतों ने ठाकुरजी का पूजन किया। राधारमण मंदिर में सेवायतों ने औषधियों से निर्मित पंचामृत से ठाकुरजी का अभिषेक किया। पंचामृत में मनोर, दूध-दही, शहद और बूरा के साथ जड़ी बूटियों का प्रयोग किया गया। प्राचीन शाहजी मंदिर में सेवायत गोस्वामियों ने ठाकुरजी का महाभिषेक दूध, दही, शहद, बूरा, इत्र से किया। इस दौरान मंदिर परिसर ठाकुरजी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर में भी पूरे विधि विधान से कान्हा जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। यहां सेवायतों ने मंदिर के पट खुलते ही सुबह भगवान द्वारिकाधीश का पंचामृत अभिषेक किया। इस अवसर पर द्वारिकाधीश के दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। उधर, राधा दामोदर मंदिर में भी जन्मोत्सव की धूम है।



### आकर्षित पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे बांकेबिहारी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जन-जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज सुंदर आकर्षित पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। पीत रंग की इस पोशाक को कोलकाता के कुशल कारीगरों द्वारा बनाया गया है। लगभग एक माह से अधिक समय में यह पोशाक बनकर तैयार की गई है। मंदिर के सेवायत रघु गोस्वामी ने बताया कि पीत रंग की इस पोशाक में कई रत्न और नगों की कारीगरी की गई है। रविवार की शाम यह पोशाक मंदिर के सेवायतों को मिली है। ठाकुरजी के एक भक्त के द्वारा इस पोशाक को अर्पित किया गया है।

### श्रीबांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती आज

ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में सोमवार को रात 12 बजे ठाकुर बांकेबिहारीजी महाराज के श्रीविग्रह का अभिषेक होगा। 1.56 बजे बाद मंगला आरती के दर्शन होंगे। उसके बाद 31 अगस्त की सुबह 2 बजे से 5-30 तक श्रद्धालु दर्शन लाभ ले सकेंगे तथा नंदोत्सव दर्शन प्रात: 7.45 से 12 बजे तक होंगे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को रोजगारोन्मुखी बनाना

## अब छात्रों का क्रेडिट बेस पर होगा मूल्याकंन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर प्रशिक्षण

**कटनी।** म.प्र. शासन के निर्देशानुसार शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी द्वारा अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों एवं अशासकीय (निजी) महाविद्यालयों को ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020'' पर डॉ. चित्रा प्रभात प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र ने प्राचार्य सभी शिक्षक एवं कम्प्यूटर आपेरटर को प्रशिक्षण दिया। डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को रोजगारोन्मुखी बनाना है। छात्रों को स्वायत्ता होगी की वे अपने पसन्द के विषयों का अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा, छात्र को चयन सूची में नाम देखने के पश्चात फीस जमा करने से पूर्व अपने विषयों का चयन



करना होगा। छात्र पहले मुख्य विषय चयन करेगा फिर संबंधित संकाय का गौण विषय का चयन करेगा, उसके पश्चात छात्र तीसरे विषय में वैकल्पिक विषयों का चयन करेगा। छात्र के पास स्वायत्ता होगी की वह अपनी रूचि के विषय को चयन कर सकता है। यदि छात्र 1 वर्ष तक स्नातक पाठ्यक्रम को पूर्ण करेगे तो उन्हें 40 क्रेडिट के साथ सर्टिफिकेट कोर्स, 2 वर्ष पूर्ण करने पर 80 क्रेडिट के साथ डिप्लोमा तथा 3 वर्ष तक की अवधि पूर्ण करने पर स्नातक की डिग्री 120 क्रेडिट पूर्ण करने पर दी जायेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में पहली बार मूल्याकंन पद्धति में भी सुधार किया, अब छात्रों को क्रेडिट बेस पर मूल्याकंन किया जायेगा। इस नीति में बैचलर-विथ-रिसर्च हेतु छात्र को 7.5 अर्जित करना होगा। शिक्षा नीति में प्रथम बार एन.एस.एस. एन.सी.सी. शारीरिक शिक्षा हेतु वैकल्पिक प्रश्न पत्रों को जोड़ा गया है। जिससे छात्र समाजिक प्राणी होने के फ्लस्वरूप जीवन कौशलों को विकसित करने के विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन करेगा। पहली बार इस पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश किया गया है। महाविद्यालयों में परीक्षाओं का समय अब 02 घंटे निर्धारित किया गया है। आधार पाठ्यक्रम आंतरिक मूल्याकंन नही होगा। ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020'' को लागू करने वाला म.प्र. देश का पहला राज्य है जिसने शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने के लिए शुरू किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. सुधीर कुमार खरे, प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### प्रकाश प्रलय के निधन पर जन जागरण मंच ने जताया शोक

**कटनी।** साहित्य जगत के सशक्त हस्ताक्षर ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि प्रकाश प्रलय के आकस्मिक निधन पर जन जागरण मंच के अध्यक्ष सुरेश सोनी ऋतुराज, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकांत अग्निहोत्री भोलाबाबू, मनोहर मनोज, अनिल खंपरिया, मगन जैन, अवध पांडे, हरिश्चंद्र सोलंकी, कैलाश जैन सोगानी, विज्जू वर्मा, आशीष सोनी, अनंत गुप्ता, संजय गुप्ता, राजू जायसवाल, स.सिं. शांति कुमार, संतोष शास्त्री, मनोहर मीत, संतोष दुबे, आशीष रैकवार, अनूप सिंघई, विजय वैद्य, मुकेश मोदी ने गहन शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, ऑडिटोरियम में कार्यक्रम

# सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में जमा हो गई राशि



**कटनी।** कोरोना लॉकडाउन से उत्पन्न परिस्थितियों से आर्थिक संकट में पड़े पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत हमें कार्यशील पूंजी के रूप में राशि रूपये 10 हजार एवं 20 हजार की राशि बेंकों के माध्यम से प्राप्त होने पर हम अपना व्यवसाय पुनः स्थापित कर सके। आज हमारा सपना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की इस जनकल्याणकारी योजना के कारण पूरा हो सका, हमारा प्रयास रहेगा कि हम समय से ऋण की राशि चुकाकर कार्यशील पूंजी के रूप में 20 हजार एवं 50 हजार की सुविधा प्राप्त कर सके। यह बात बालाघाट से आयोजित राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के खातों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राशि हस्तांतरण एवं सवाद कार्यक्रम देखने व सुनने के पश्चात ऑडिटोरियम परिसर में उपस्थिति लाभार्थियों द्वारा चैक प्राप्ती के दौरान कही। योजना के तहत प्रदेश के 50 हजार हितग्राहियों के खातों में 50 करोड़ के व्याज मुक्त ऋण का वितरण एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि द्वितीय चरण के तहत राशि रूपये 20 हजार का ऋण वितरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से किया। कार्यक्रम को नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं भाजपा प्रदेशअध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद बी.डी शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक संदीप जायवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष ए.डी.एम रोमानूस टोप्पो, निगायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, भाजपा युवा भोर्चा अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरी, भाजपा नेता मिठ्ठूलाल जैन, प्रमोद जायसवाल, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, मनीष दुबे, बब्बा मिश्रा, संदीप दुबे मंजूषा गौतम सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम सीमा के 363 हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित 13 पथ विक्रेताओं को दस-दस हजार, 1 हितग्राही को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 20 हजार व तीन स्वसहायता समूह को 2 लाख, 1.50 लाख व 1 लाख के चैक का सांकेतिक रूप से वितरण किया गया। स्थानीय स्तर पर ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प मालाओं एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। विधायक ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित व्यवसायियों की श्रेणियों में प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन मंशानुसार इस योजना के अन्तर्गत समस्त पथ विक्रेता जो ठेले, टपरा लगाकर एवं सेवा प्रदाय कर अपना पेट पालते है को लाभांनवित करना है। योजना के तहत 10 हजार रुपये की राशि ऋष्टा के रुप में दी जाती है, वह ब्याज मुक्त इसलिये है, क्योंकि बैंकों को देय ब्याज की राशि का 7 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र सरकार एवं 5 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है। कोरोना महामारी के दौरान आयी समस्याऐं किसी से छुपी नहीं है लॉकडाउन के दौरान छोटे व्यापारियों को आनेवाली समस्याओं से निजात हेतु प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना सहित गल्ला वितरण सहित अन्य जनहितकारी योजनाएं मुहैया कराई गई।

### डिजिटल लेनदेन हेतु किया प्रोत्साहित

विधायक संदीप जायसवाल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योजना से लाभांन्वित होने वाली महिला हितग्राहियों श्रीमती मीना विश्वकर्मा, श्रीमती सुचित्रा सिंह, श्रीमती संगीता विश्वकर्मा को मंच पर बुलाकर उनसे उनके व्यापार की कठिनाईयों प्राप्त ऋण से होने वाले लाभ एवं अन्य सभी विषयों पर उदबोधन कराया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि हम लोगों के द्वारा 4 ग्रुप के माध्यम से सिलाई एवं कढ़ाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें 6 हजार रुपये प्रतिमाह आमदनी है। क्यूआर कोड के माध्यम से प्रतिवर्ष 100 रुपये का लाभ मिलनें की जानकारी देते हुये उपस्थित हितग्राहियों से क्युआर कोड मिलने की जानकारी ली गई जिसपर अधिकांश हितग्राहियोंको कोड न मिलने पर बैंको से अपने क्यूआर कोड का दस्तावेज लेकर इसका लाभ उठाने व निगम के अधिकारियों को भी सभी लाभार्थियों को क्यूआर कोड दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करनें हेतु कहा गया।

# कांग्रेस सेवादल ने मनाई डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि




**कटनी।** बाबा माधव शाह चिकित्सालय में विगत 26 अगस्त को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ एन एस हार्डीकर की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर बाबा माधवशाह चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। पंकज गौतम ने कहा कि श्री हार्डीकर का जन्म धारवाड़ 1889 में हुआ। 1923 में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस सेवा दल की स्थापना की और स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए अनेकों आंदोलन किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मटमल ठारवानी ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए कांग्रेस का गठन किया गया था और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कांग्रेस सेवा दल की स्थापना की गई थी। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष गिरीश गर्ग ने कहा की कांग्रेस सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी है। कांग्रेस सेवा दल द्वारा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहने की शिक्षा दी जाती है। इस अवसर पर राजकुमार कल्लू विश्वकर्मा, श्याम पाहुजा, ओमप्रकाश सोनी आहूजा, ईश्वर बहरानी, हिमांशु तिवारी, ओम प्रकाश टोनी आहूजा, सुरेश लालवानी, विजय चंदवानी, सुनील तलुजा, श्याम कमल पटेल, ईश्वर बहरानी, जयनाम गुरनानी, अहमद कुरैशी, अभिषेक मौर्य, बृजेश मौर्य, विकास मौर्य, उदय सिंह गौड़, मोनू यादव, स्वप्निल मौजूद रहे।

### जियो टैग तकनीक आधारित होगा पुस्तकों का ट्रैकिंग ऐप

# स्कूलों की पाठ्य पुस्तक वितरण व्यवस्था ऑनलाइन



**वर्तमान सत्र में लगभग 3 करोड़ 55 लाख पुस्तकें होगी वितरित**

**कटनी।** राज्य शिक्षा केंद्र ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2021.22 से स्कूली छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के लिए एन आई सी के सहयोग से ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम तैयार किया है। इस सिस्टम से पाठ्य पुस्तक निगम से प्रिंटिंग के बाद स्कूल स्तर पर बच्चों को वितरण तक पुस्तकों की ट्रैकिंग ऑनलाइन ऐप पर की जा सकेगी। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तकों की जियो फेन्स तकनीक के साथ पूर्णतः पारदर्शी और ऑनलाइन व्यवस्था करने वाला संभवत पहला राज्य है। श्री धनराजू ने बताया कि इस पारदर्शी और पेपर लेस व्यवस्था में विभिन्न स्तरों पर जियो टैगिंग और पैकिंग की व्यवस्था रखी गई है। पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो से विकासखण्ड के लिए पुस्तक वितरण चालान बनते ही विकासखण्ड अधिकारी को मोबाइल एप पर परिवहन वाहन के नंबर वाला अलर्ट प्राप्त हो जायेगा। पुस्तकें प्राप्त होने के बाद विकासखण्ड अधिकारी चालान की पावती मोबाइल एप के माध्यम से ही पाठ्य पुस्तक निगम को प्रेषित करेंगे। विकासखण्ड या स्कूल के लिए पुस्तकों की ऑर्डर संख्या के साथ विषयवार प्राप्त पुस्तकों और शेष पुस्तकों की जानकारी मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी। विकासखंड स्तर पर प्राप्त पुस्तकों को विकासखंड समन्वयक अपने विकासखंड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में दर्ज नामांकन के अनुसार स्कूल वार ऑनलाइन डिस्पैच आर्डर बनाएगा। डिस्पैच ऑर्डर बनाने के लिए विकासखंड समन्वयक को कोई भी डाटा एंट्री नहीं करनी पड़ेगी। विकासखंड स्कूल की लोकेशन के अनुसार रूट चार्ट तैयार करके ट्रांसपोर्ट आर्डर बनाए जायेगे। प्रधानाध्यापक को स्कूल के डिस्पैच आर्डर का अलर्ट उनके मोबाइल पर प्राप्त होगा, जिसमें वाहन क्रमांक, चालक का नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी होगी। प्रधानाध्यापक स्वयं भी चालक से दूरभाष पर संपर्क कर पाठ्य पुस्तकों की शाला में डिलीवरी के लिए समन्वय कर सकते हैं। शाला स्तर पर प्राप्त पुस्तकों में कुछ पुस्तकों की कमी या क्षतिग्रस्त प्राप्त होने परए उसकी रिपोर्टिंग की सुविधा भी मोबाइल एप पर दी गई है। प्रधानाध्यापक के शाला परिसर में उपस्थित होने पर ही पुस्तकों की डिलीवरी दी जायेगी, इसे जिओ टैगिंग से ट्रैक किया जायेगा। प्रधानाध्यापक अपने स्कूल में एप के माध्यम से ही कक्षावार दर्ज बच्चों के नाम से पुस्तकों का वितरण करेंगे। यदि शाला में पुस्तक वितरण के उपरांत कोई नवीन नामांकन होता है तो मोबाइल ऐप अलर्ट देगा कि नवीन दर्ज बच्चे को पुस्तक वितरण किया जाना अभी पेंडिंग है। इसी तरह यदि किसी कक्षा में इनरोलमेंट कम हुआ है तो प्राप्त अतिरिक्त पुस्तकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से ही वापस भेजने की रिक्वेस्ट भी प्रधानाध्यापक द्वारा की जा सकेगी।

# यूट्यूब लाइव के जरिए शिक्षकों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण

## हिन्दी, गणित, पर्यावरण अध्ययन, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों में ट्रेनिंग

**कटनी।** प्रदेश में कक्षा तीसरीए पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एनएएस 2021 परीक्षा की तैयारी कराने के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रदेश के शिक्षकों का विषयवार राज्य स्तरीय



उन्मुखीकरण किया जा रहा है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र धनराजू एस ने बताया कि हिन्दीए गणितए पर्यावरण अध्ययनए विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों को 28 अगस्त से 1 सितम्बर तक राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब लाइव के माध्यम से विषय की बारीकियों और परीक्षा में आने वाले प्रश्नों के अनुसार प्रशिक्षित किया जायेगा। इसमे विषयों के अभ्यासए प्रश्नबैंक और मॉक टेस्ट पेपर के साथ एनएएस परीक्षा प्रकृति के प्रश्नों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। श्री धनराजू ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे में छात्र-छात्राओं से पूछे जाने वाले प्रश्न उनकी उच्चस्तरीय क्षमताओं जैसे कि विश्लेषण, तार्किक चिंतन और अवधारणात्मक स्पष्टता को जांचने की प्रकृति के होते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों पर शिक्षकों की स्पष्ट समझ बनाने की भी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को लेकर यह उन्मुखीकरण किया जा रहा है। उन्मुखीकरण में डाईट फैकल्टीए शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला के संबंधित शिक्षक, संबंधित विषय के बीएसी और जनशिक्षकों द्वारा सहभागिता की जायेगी। उन्मुखीकरण प्रसारण की लिंक एसएसए ऑफिशियल हाटसएप ग्रुप पर सभी डीपीसी को उपलब्ध करा दी गई है। डीपीसी यह सुनिश्चित करेंगे कि समस्त शालाओं के विषय शिक्षक इस उन्मुखीकरण में सहभागिता अनिवार्य रूप से करें।

# मणिपुर गायन और नागालैंड नृत्य की शानदार प्रस्तुति

## गर्ल्स कॉलेज में ऑनलाईन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के ईबीएसबी क्लब द्वारा अगस्त माह में प्राचार्य



डॉ. आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में ऑनलाईन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईबीएसबी क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया कि इस ऑनलाईन सांस्कृतिक कार्यक्रम को मणिपुर एवं नागालैंड की संस्कृति पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मणिपुर गायन का प्रस्तुतिकरण सोनाली कचेर और नागालैंड नृत्य का प्रस्तुतिकरण रागिनी एवं रोशनी के द्वारा बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्राओं ने अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस तरह के कार्यक्रम को पुनः आयोजित करने हेतु उत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सदस्य भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री आरती वर्मा का सहयोग रहा।

# यशवर्धन को दोहरी सफलता, अर्णव सीनियर और जूनियर दोनों वर्गो में द्वितीय





### त्रिदिवसीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

**कटनी।** स्थानीय फारेस्टर प्लेग्राउण्ड स्थित टेबल टेनिस हॉल में चल रहे तीन दिवसीय रैंकिंग टूर्नामेंट के अंतिम दिवस सीनियर वर्ग के मैच खेले गए। क्वार्टर फाइनल मैचों में यशवर्धन गुप्ता ने रमाकान्त पाण्डेय को सीधे सेटों में हराया। अमित चौदहा ने एस पी पटेल को, वेदान्त बनानी ने आरव्य जायसवाल को तथा अर्णव जैन ने प्रिंस को परास्त किया। सेमीफाइनल में यशवर्धन ने अमित चौदहा एवं अर्णव जैन ने संघर्षपूर्ण मैच में वेदान्त बनानी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच विधायक संदीप जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व पार्षद समाजसेवी संजीव सूरी की अध्यक्षता में खेले गए, जिसमें यशवर्धन गुप्ता ने विजयश्री हासिल की। अर्णव जैन द्वितीय रहे। अमित चौदहा तीसरे स्थान पर रहे। यशवर्धन और अर्णव जूनियर वर्ग में भी क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। आरव्य जायसवाल तीसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर वर्ग में सुब्रत बनानी प्रथम, शुभ झवेरी द्वितीय और अमोल द्विवेदी तृतीय रहे। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि विधायक संदीप जायसवाल एवं पूर्व पार्षद संजीव सूरी ने पुरुष्कार वितरित किये। अतिथिद्वय ने सभी विजेताओं को शुभकामनायें दी और टूर्नामेंट की सफलता के लिए जिला टेबल टेनिस संघ को बधाई दी, साथ ही खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी सचिव रमाकान्त पाण्डेय ने किया।

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## नई सड़क से आवागमन शुरू, सीवर के खुले चेम्बर से दुर्घटनाओं का अंदेशा



**कटनी।** जगन्नाथ चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अब सीवर लाइन ठेकेदार की मनमानी सामने आ रही है। सड़क बनकर तैयार हो गई है और आज से यहां से आवागमन भी शुरू हो गया है, जबकि नई सड़क में सीवर लाइन के चेम्बर खुले हुए हैं और ऐसी स्थिति में यहां से आवागमन शुरू होने के बाद दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बढ़ गया है। ब्रिज ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण पूरा होने और सीवर लाइन के चेम्बर खुले होने की जानकारी नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी अधिकारी गहरी निद्रा में है।

### जगन्नाथ चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण पूरा होने के बाद सीवर लाइन ठेकेदार की मनमानी

जगन्नाथ चौक से आजाद चौक तक का मार्ग वनवे किए जाने और जगन्नाथ चौक की ओर जाने वाले वाहनों को आजाद चौक से गाटरघाट, शिवनगर होते हुए कैलवारा मोड़ तक निकाले जाने की वजह से इस मार्ग पर हर समय जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। गाटरघाट से कटनी नदी की ओर जाने वाला मार्ग पहले से ही सकरा है और यहां से आटो, कार, मिनी ट्रक के साथ ही बड़े वाहनों को भी निकाला जा रहा था, जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विदित हो कि मिशन चौक पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के बाद ब्रिज के नीचे मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए जगन्नाथ चौक तक सड़क का निर्माण नहीं होने की वजह से रोजाना हजारों लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में इस मार्ग से आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही थी। जिसको लेकर क्षेत्र के युवाओं द्वारा सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया गया था। विरोध प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल एवं निगम प्रशासन के अधिकारियों ने जल्द ही सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। सड़क के निर्माण में सबसे बड़ा रोड़ा राज्य सरकार द्वारा बजट का आवंटन नहीं किया जाना था। इसके बावजूद ब्रिज ठेकेदार द्वारा जगन्नाथ चौक से आजाद चौक और मिशन चौक तक सड़क का निर्माण शुरू किया गया और अब जब सड़क बनकर तैयार हो गई है तो सीवर लाइन ठेकेदार की मनमानी की वजह से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। क्षेत्र के नागरिकों ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त का ध्यान इस ओर दिलाते हुए नवनिर्मित सड़क से आवागमन शुरू किए जाने की मांग की है।

**नगर निगम प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान**





## बरही पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के शातिर चोर को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि थाना क्षेत्र के शातिर चोर दीपक सोनी क्षेत्र में कई वारदातों को अंजाम देने के बाद साल 2017 से फरार था। न्यायालय ने उसकी गिरफ्तारी पर स्थाई वारंट भी जारी किया था। दीपक न केवल घर, मकान व दुकान के ताला तोड़कर चोरी करने में बल्कि कच्चे मकानों को छप्पर तोड़कर भी चोरी करने में माहिर था। जिसकों गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। दीपक को गिरफ्तार करने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची सहित आरक्षक अजीत सिंह व विवेक श्रीवास्तव की भूमिका रही।



## कर्नाटक के हुबली शहर में होटल में बंधक कैमोर की दो लड़कियों को मुक्त कराया पुलिस ने

**पुलिस की तत्परता की हो रही सराहना, परिजनों ने भी कहा थैंक्यू**

**कटनी।** कैमोर से नौकरी करने कर्नाटक के हुबली शहर गईं दो लड़कियों को वहां के दो लड़कों ने होटल के कमरे में बंधक बना लिया था। एसीसी सीमेंट वर्क्स की सीएसआर हेड श्रीमती एनेट विश्वास से इस बात की जानकारी लगते ही कैमोर पुलिस हरकत में आई और मामले पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से आवश्यक दिशा निर्देश तथा विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में कर्नाटक पुलिस की मदद से दोनों लड़कियों को लड़कों के कब्जे से मुक्त करवाया। जिसके बाद दोनों लड़कियां सकुशल कटनी आईं। फिर कैमोर पुलिस ने दोनों लड़कियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गतदिवस एसीसी सीमेंट वर्क्स कैमोर की सीएसआर हेड श्रीमती एनेट विश्वास के द्वारा कैमोर पुलिस को जानकारी दी गई कि ग्राम नंहवारा से बेंगलुरु में जॉब करने के लिए गई दो बच्चियों ने किसी तरह फोन कर अपने परिजनों को बताया कि उनके साथ काम करने वाले दो लड़कों के साथ वो घूमने के लिए कर्नाटक के हुबली शहर में आई थी। जिसके बाद दोनों लड़कों ने हुबली शहर की अजंता होटल में 2 दिनों से बंद करके रखा है और बाहर नहीं निकलने दे रहे रहे हैं। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने श्रीमती विश्वास के द्धारा दी गई इस सूचना से पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को अवगत कराया। जिसके बाद कर्नाटक पुलिस से संपर्क किया गया। टाउन पुलिस स्टेशन हुबली जिला धारवाड़ कर्नाटक की महिला उपनिरीक्षक पदमा द्वारा अंजता होटल पहुंचकर होटल के बंद कमरे से दोनों लड़कियों को मुक्त कराया और साथ में दो लड़के जो बेंगलुरु के ही रहने वाले हैं क्रमशः विजय कुमार एवं वासु कुमार को गिरफ्तार किया गया। कर्नाटक के हुबली शहर के होटल में बंधक ग्राम नंहवारा निवासी दोनों लड़कियों को मुक्त कराने में कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन के साथ प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, आरक्षक सनिल स्वर्णकार और एसीसी सीएसआर की ओर से अमित सोनी, मनीष शर्मा एवं कुमारी रीना की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय कार्य के लिए टीआई कैमोर और उनकी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## समाज हित के लिए नेता नही नीतियां चाहिए





### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की गोष्ठी, बरही के मंगल भवन में विप्र समाज ने किया मंथन

**बरही।** समाजहित में कार्य करने का मंच है। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषदए देश के 22 प्रदेशए प्रदेश के 38 जिले में संगठन समाज के विकास एवं उत्थान व समाज को एकजुट करने के लिए सतत कार्य कर रहा है। यह संगठन कोई राजनीतिक मंच नही हैए बल्कि समाजहित के लिए है। यह बातें अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश संयोजक पंडित अवधेश उरमलिया ने बतौर कार्यक्रम मुख्य अतिथि संबोधित किया। अवसर था एक दिवसीय संगोष्ठी काए जो बरही नगर के मंगल भवन में सम्पन्न हुआ। परिषद के बरही तहसील अध्यक्ष पंडित प्रभाकर तिवारी के संयोजन में सम्पन्न हुए इस गरिमामयी संगोष्ठी में कटनी जिले के साथ ही सतनाए उमरिया जिले के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आए हुए सभी अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक पंडित प्रभाकर तिवारीए जिलाध्यक्ष पंडित सुजीत परौहा ने फूलमालाओं से अभिनंदन किया। इस एक दिवसीय चिंतन.मंथन शिविर के माध्यम से विप्र समाज को समाजहित में एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर बरही तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष के आर दुबे, प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, भीम सिंह रानू चतुर्वेदी, संजय बिलौहा आदि मंचासीन रहे। कोरोना संक्रमण काल मे उत्कृष्ठ कार्य करने पर टीआई संदीप अयाची, बीएमओ डॉ राममणि पटेल, डॉ दीपक अग्रवाल, डॉ कविता तिवारी, डॉ पीयूष तिवारी, पत्रकार आनंद सराफ, अजय वर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा, संदीप स्वर्णकार आदि को सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता बी डी अवस्थी ने किया। इस अवसर पर इंद्रजीत द्विवेदी, राकेश मिश्रा, नीरज चतुर्वेदी, धीरज मिश्रा, दिनेश दुबे, लालजी उरमलिया, आर के गुरुद्वान, झग्गु महाराज, सत्येंद्र गौतम, हेतराम तिवारी, अरविंद तिवारी, प्रेमस्वरूप मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, प्रभु दत्त तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्र बन्धु उपस्थित रहे।

## स्व. प्रकाश प्रलय के नाम पर जनपरिषद का राष्ट्रीय सम्मान घोषित



**कटनी।** जाने माने हास्य व्यंग्य कवि एवं जन परिषद के राष्ट्रीय सचिव प्रकाश प्रलय के सहयोग एवं रचनात्मक सक्रियता को देखते हुए जन परिषद की कोर कमेटी की अनुशंसा पर जन परिषद के चेयरमैन और पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने प्रकाश प्रलय के नाम पर प्रतिवर्ष प्रलय सम्मान दिए जाने की घोषणा की है। राष्ट्रीय स्तर का यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी ऐसे कवि को दिया जाएगा जो कवि धर्म के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी रचनात्मक भूमिका निभा रहा हो। ज्ञात रहे श्री त्रिपाठी, प्रकाश प्रलय के आकस्मिक निधन के कारण जन परिषद के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल शोक सभा को संबोधित कर रहे थे। शोकसभा में विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज ने प्रलय जी से जुड़े कई संस्मरणों को सुनाते हुए कहा कि प्रलय जी के जाने से कटनी, जन परिषद, कविता और समाज में जो रिक्तता आई है उसका भर पाना असम्भव है। आशीष सोनी ने प्रलय जी के व्यक्तित्व से जुड़े कई संस्मरण सुनाए। सभा को सर्वश्री गोविन्द चौरसिया, महेन्द्र भटनागर, महेन्द्र जोशी, ओ एन चौबे, रामजी श्रीवास्तव, अजय खरे एवं शिल्पी सोनी ने कवि प्रकाश प्रलय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। आभार प्रदर्शन महेंद्र जोशी ने किया।

### कृष्ण की गीता

ब्रम्ह ज्ञान, चेतना, प्रकाश है गीता
उलझाव, आवरण से निकालती गीता

आसक्ति, राग द्वेष को जो दूर भगाती
अनासक्ति, कर्मयोगी का संदेश है गीता

कर्म, पाप-पुण्य का बुन रहा जो जाल
जीवन की उलझनों का समाधान है गीता

सृष्टि में धर्मों का पर्याय बन गई
जीवन बनाये सार्थक ये ज्ञान है गीता

जो हो गया, सो हो गया उस दुख को भुलाने
जीवन के हर उलझाव का सुलझाव है गीता

हर ओर बढ़ रहे अनीति अत्याचार
माया, प्रकृति के बोध का विज्ञान है गीता

युग की बनो आवाज, उठा लो संकल्प
हर द्रोपदी की रक्षा का फरमान है गीता

जीवन के लिये बन गई पथ प्रदर्शिका
धरती पर कृष्ण का वरदान है गीता



– **सुरेश सोनी ऋतुराज**, कटनी



## मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण के लिए जल्द मिलेगा मेगा ब्लाक

### एक सप्ताह तक हर दिन 6 से 8 घंटे तक होगा काम

**कटनी।** मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण में बीना रेलवे लाइन के ऊपर रेलवे के हिस्से के निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन मेगा ब्लाक देने के लिए तैयार हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर के पहले सप्ताह तक मेगा ब्लाक मिल सकता है। मेगा ब्लाक के दौरान हर दिन 6 से 8 घंटे तक रेल लाइन के ऊपर स्पॉन रखने का काम होगा। यहां कुल 4 स्पॉन रखे जाना है। रेलवे के हिस्से का काम पूरा होने के बाद सेतु निगम के अधिकारियों को उम्मीद है कि अक्टूबर तक यह प्रोजेक्ट कम्प्लीट हो जाएगा। मिशन चौक में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज के निर्माण में फंड की कमी का मामला भी सुलझ गया है। गौरतलब है कि फंड की कमी के चलते ही ओव्हर ब्रिज निर्माण का कार्य अवरूद्ध हो गया था। ब्रिज का निर्माण कर रही मिश्रा कंसट्रक्शन कंपनी ने भी हाथ खड़े कर दिए थे। जिस पर सेतु निगम के अधिकारियों ने राज्य सरकार को इसकी जानकारी दी। फंड के आवंटन के बाद अब मिशन चौक ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद जगी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि मिशन चौक में निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज के निर्माण में अब केवल रेलवे के हिस्से का ही काम शेष रह गया है। मिशन चौक से चांडक चौक और बरगवां की ओर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब बीना रेल लाइन के ऊपर का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा रेल प्रशासन से मेगा ब्लाक की अनुमति मांगी गई थी। रेलवे द्वारा मेगा ब्लाक के लिए सहमति व्यक्त की गई है। विदित है कि मिशन चौक सागर अंडर ब्रिज में हर दिन लगने वाले जाम के चलते राज्य सरकार द्वारा यहां ओव्हर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। बजट में फंड का प्रावधान भी किया गया था। टेंडर निकलने के बाद इसे भोपाल की मिश्रा कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा लिया गया। बरगवां से चांडक चौक के बीच 1337 मीटर लंबाई के मिशन चौक ओवर ब्रिज (आरओबी) का काम मार्च 2019 में शुरू हुआ था। 85 करोड़ रूपये की लागत से बन रहे ओव्हर ब्रिज का निर्माण शुरू के डेढ़ साल तेज गति से शुरू हुआ। पिछले साल लॉकडाउन के दौरान काम बंद रहा और इसके बावजूद ठेकेदार ने तेज गति से काम पूरा किया और इस साल मार्च आते-आते ब्रिज का काम लगभग पूर्णता की ओर था लेकिन इसी बीच 9 अप्रैल से एक बार फिर लॉकडाउन हो गया। पहले फंड की कमी के चलते और मेगा ब्लाक नहीं मिलने की वजह से काम रूक गया लेकिन अब सेतु निगम के अधिकारियों की पहल के बाद एक बार फिर ओव्हर ब्रिज का काम शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही मेगा ब्लाक मिलने के बाद ओव्हर ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।

**आवश्यकता है**
ORICAN FRAGRENT Co.(R.) को अपने BRAND-SHREY MANGLAM (R.) AGARBATTI INDORE के लिए स्टॉकिस्ट, सेल्समेन एवं हेल्पर लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें- 09936415040

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जांच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# शहर में जन्माष्टमी की धूम, घर-घर कन्हैया का जन्मोत्सव

## दिन भर चलती रही जन्माष्टमी की तैयारियां, मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा



**कटनी।** मानवलीला के कुशल चितेरे यशोदानंदन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्माष्टमी पर्व को लेकर आज सुबह से ही घरों और मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। खिरहनी फाटक स्थित सत्यनारायण मंदिर के साथ ही खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे स्थित रामजानकी मंदिर, शेर चौक स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, मेनरोड स्थित श्रीमहालक्ष्मी ट्रस्ट कमेटी धर्मशाला, गणेश चौक स्थित मधई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व पर मध्यरात्रि 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में नटखट कन्हैया का जन्म होगा और इसके बाद पूरा आलम नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की...के गगनचुंबी जयघोषों से गूंज उठेगा। घंटे-घड़ियालों की मधुर ध्वनि के बीच नटखट कन्हैया का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर व अन्य सामग्री से अभिषेक किया जाएगा, इसके बाद पूजा अर्चना व आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। घरों में भी जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पिछले साल की तरह इस साल भी कोविड गाइडलाइन के चलते खिरहनी फाटक स्थित सत्यनारायण मंदिर में मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है। मंदिरों में सीमित संख्या में श्रृद्धालु और मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाएंगे। श्री बधाई उत्सव कमेटी द्वारा दधिकांदो महोत्सव की शोभायात्रा भी निकाली जा रही है। जिले के प्रसिद्ध बांधा क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में भी इस बार भव्य आयोजन नहीं होगा। यहां पूजा, अर्चना के साथ ही महाआरती का आयोजन किया गया है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में नटखट कन्हैया के लिए नए वस्त्र, ककड़ी का फूल, पूजन सामग्री की दुकानों में सुबह से ही भीड़ नजर आई।

### कोविड गाइडलाइन के चलते सत्यनारायण मंदिर में मेले का आयोजन नहीं, चलित झांकियां भी नहीं सजाई जा रहीं



### बांधा मंदिर में धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

जिले के ख्यातिलब्ध चमत्कारिक श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृन्दावन धाम बांधा में ब्रहमाण्ड पति, रासरासेश्वर, पूर्णावतार भगवान मुरली मनोहर जी का जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के रूप में आज 30 अगस्त सोमवार को वैश्विक महामारी कोविड-19 के निर्धारित बचाव की मर्यादा के साथ मनाया जावेगा। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति ने बताया कि आज प्रातः 9 बजे भगवान का वैदिक विधि विधान से अभिषेक पूजन किया गया। इसके साथ ही सायं 4 बजे विद्धान आचार्य पं. रमाकांत पौराणिक भेड़ा द्वारा श्री कृष्ण तत्व ज्ञान एवं लीला प्रसंग के प्रवचन होंगे। रात्रि 11 बजे से पूज्य भागवताचार्य ज्योतिष मर्मज्ञ डॉ. बाल गोविंद शास्त्री पराम्बाधाम जबलपुर की उपस्थिति में जन्म विधान अभिषेक प्रारंभ होते हुए मध्यरात्रि 12 बजे भगवान मुरली मनोहर जी की अलौकिक जन्म झांकी के दर्शन होंगे। प्रातः से रात्रि पर्यन्त तक हरदुआ भजन मंडल के द्वारा संकीर्तन भजन सेवा रहेगी।

### जन्माष्टमी पर युगों बाद बना अद्भुत संयोग

इस बार जन्माष्टमी पर विशेष संयोग बना है, जो बेहद दुलभ योग है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृषभ राशि का चंद्रमा में मध्य रात्रि को हुआ था। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील शास्त्री के अनुसार यह संयोग इस वर्ष जन्माष्टमी पर बना है। जिसमे 6 तत्वों का एक साथ मिलना बहुत ही दुर्लभ योग है। यह संयोग भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय द्वापर युग में बना था। यह छह तत्व है, भाद्र कृष्ण पक्ष अष्टमी, तिथि रोहिणी, नक्षत्र वृषभ, राशि में चंद्रमा, इसके साथ सोमवार। सूर्योदय से अष्टमी तिथि है, जो कि सोमवार रात को 01:57 बजे तक अष्टमी तिथि रहेगी, इसलिए इस वर्ष जन्माष्टमी पर बहुत ही उत्तम योग है। 29 अगस्त को 11:27 बजे से अष्टमी तिथि शुरू होगी, जो 30 अगस्त सोमवार रात को 01:57 तक रहेगी। सोमवार को अष्टमी तिथि उदया तिथि के साथ मध्य रात्रि को 12 बजे तक भी रहेगी। इसके चलते स्मार्त और वैष्णव दोनों मतों को मानने वाले एक ही दिन जन्माष्टमी मनाएंगे।

### कृष्ण जन्माष्टमी तिथि और शुभ मुहूर्त

- शुभ तिथि शुरू 11:25, अपरान्ह 29 अगस्त।
- शुभ तिथि समाप्त 01:59 पूर्वान्ह 31 अगस्त।
- मध्य रात्रि क्षण 12:22 पूर्वान्ह 31 अगस्त।
- चंद्रोदय क्षण 11:35 अपरान्ह
- कृष्ण दशमी रोहिणी नक्षत्र प्रारंभ 30 अगस्त को पूर्वान्ह 06:39
- रोहिणी नक्षत्र समाप्त 31 अगस्त, को पूर्वान्ह 09:44
- कृष्ण जन्माष्टमी निशिता पूजा मुहूर्त
- कृष्ण पूजा करने का समय निशिता काल के दौरान होता है, जो वैदिक समय के अनुसार मध्यरात्रि है। शुभ मुहूर्त 11:59 बजे से शुरू होगा और 12:44 पूर्वान्ह 31 अगस्त तक जारी रहेगा।

## कटनी साउथ से एनकेजे के बीच बेपटरी हुआ मालगाड़ी का इंजन

### काफी देर प्रभावित रहा कटनी-बिलासपुर रेलखंड पर यातायात



**कटनी।** रेलवे अफसरों में रविवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एनकेजे में मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। डिरेलमेंट की खबर लगते ही अधिकारी हरकत में आए और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू कराया। मालागाड़ी के डिरेलमेंट होने से कटनी-बिलासपुर ट्रैक कुछ समय के लिए रेल यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार रविवार शाम कटनी-साउथ से एनकेजे मालगाड़ी बॉक्स-एन आ रही थी। जीसी-1 केबिन के सामने मल्टी इंजन पटरी से उतर गए। मालगाड़ी डिपार्चर लाइन सात की तरफ जा रही थी। प्वाइंट से जैसे ही आगे निकली तो मल्टीपॉवर का पहिया उतर गया। एक इंजन को काटकर अलग कर दिया गया। अप-लाइन रुका है। जिनमें मालगाड़ी और यात्री गाड़ी सभी प्रभावित हैं। घटना शाम साढ़े 6 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद राहत कार्य शुरू हुआ। रेल अधिकारियों ने बताया कि कटनी साउथ से दूसरा इंजन भेजा गया ताकि लोड को खींचकर लाया जा सके। इस हादसे के चलते कटनी-बिलासपुर ट्रैक काफी समय के लिए रेल यातायात प्रभावित रहा। गौरतलब है कि एनकेजे में लगातार डिरेलमेंट की घटनाएं सामने आ रही हैं। तकनीकी खामियों के कारण हादसे हो रहे हैं। हादसे उस वक्त हो रहे हैं जब ट्रेनों का दबाव नहीं हैं। ऐसे में रेल अफसरों की बड़ी बेपरवाही सामने आई है। हालांकि अधिकारियों ने हादसे की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मालगाड़ी किस वजह से पटरी से उतरी है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।



## मिनीबस ने मारी बाइक को ठोकर महिला की मौत, युवक घायल



**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर मिनीबस की पीछे से ठोकर लगने के कारण सड़क पर छिटक कर गिरी बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि दुर्घटना के समय बाइक चला रहा महिला का रिश्तेदार घायल हो गया। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि जबलपुर के मस्ताना चौक रांझी निवासी 45 वर्षीय मीना उर्फ शीला पति जुगल केवट रविवार की सुबह अपने रिश्तेदार माधवनगर थाना अंतर्गत ग्राम धमई निवासी 41 वर्षीय अवधेश केवट के साथ जबलपुर से बाइक में कटनी आ रही थी। उसीदौरान स्लीमनाबाद के पास हाइवे पर मिनी बस क्रमांक एम.पी.20टीए-5934 की बाइक पर पीछे से ठोकर लगते ही शीला बाइक से छिटक कर दूर सड़क पर जा गिरी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई जबकि उसका रिश्तेदार अवधेश केवट घायल हो गया। पुलिस ने शीला का पीएम कराते हुए आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## एक ट्रक इमारती लकड़ी जप्त

**कटनी।** वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी मात्रा में लकड़ी जप्त की है। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक यू.पी.20एटी-2041 से इमारती लकड़ी की सप्लाई हो रही थी। सूचना पर टीम ने वाहन को रोककर दस्तावेज मांगे लेकिन चालक नहीं दिखा पाया। उक्त वाहन को जप्त कर वन विभाग कार्यालय में खड़ा कराया गया है।

## बस ने कार को मारी टक्कर

### कोई हताहत नहीं, विगढ़ के आजाद चौक में लगा जाम

**कटनी।** विजयराघवगढ़ के आजाद चौक में आज दोपहर एक यात्री बस ने मोड़ पर दूसरी तरफ से आ रही कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट तो नहीं आई पर कार को मामूली नुकसान हुआ है। दुर्घटना के समय दोनों वाहनों की रफ्तार धीमी थी। इसीलिए गंभीर हादसा नहीं हुआ। इस दुर्घटना के बाद दोनों वाहन चालकों के बीच काफी देर तक विवाद होता रहा और चौराहे में वाहनों का आवागमन अवरुद्ध रहा।







नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से
दोपहर 12, 3 एवं सायं 6 बजे से
बेल बॉटम
कलाकार-अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



## ननि के खाली आवास में युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत इंद्रानगर में नगर निगम के खाली पड़े शासकीय आवासों में एक 21 वर्षीय युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने इंद्रानगर निवासी 21 वर्षीय समीर पिता बच्चा निषाद के द्वारा बीतीरात इंद्रानगर बस्ती में नगर निगम के खाली पड़े शासकीय आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। उसकी लाश आज सुबह खाली आवास के अंदर फंदे पर लटकती देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लाश को अपने अधिकार में लेकर उसका जिला अस्पताल में पीएम कराया।





सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 19 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 27 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती,अन्नू कपूर आदि।
चेहरे
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)